19/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आज पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष पर संसदीय समिति को जानकारी दी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में टीएमसी के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भाजपा के अपराजिता सारंगी और अरुण गोविल सहित कई सदस्यों ने भाग लिया। यह बैठक पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य कार्रवाइयों की पृष्ठभूमि में हो रही है।

0000000000000000000

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आज नीदरलैंड के हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ बैठक की। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने कहा कि, उनकी विशेषज्ञों के साथ अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता के युग में भारत तथा नीदरलैंड और यूरोपीय संघ को और अधिक गहराई से जुड़ने के बारे में बातचीत हुई।

0000000000000000000

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड- बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने आज कहा कि एशियाई क्रिकेट परिषद-एसीसी के आयोजनों में भागीदारी से संबंधित कोई भी मामला किसी भी स्तर पर चर्चा के लिए नहीं आया है।

उन्होंने कहा कि इस विषय पर कोई भी खबर या रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलें और काल्पनिक हैं। इससे पहले इस प्रकार की खबरें सामने आई थी कि बीसीसीआई ने एसीसी को जून और सितंबर में होने वाले महिला इमर्जिंग एशिया कप और पुरुष एशिया कप से हटने की जानकारी दी है।

0000000000000000000

भारतीय सेना ने उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है जिसमें दावा किया गया था कि, भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कल समाप्त हो गया। भारतीय सेना के अनुसार, 18 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संचालन महानिदेशक (DGMO) स्तर की कोई वार्ता निर्धारित नहीं थी। इसने कहा, जहाँ तक 12 मई को DGMO की बातचीत में तय किए गए संघर्ष विराम को जारी रखने का सवाल है, इसकी कोई समाप्ति तिथि नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच पिछली सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की वार्ता 12 मई को हुई थी।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर में भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, अरुणाचल प्रदेश क्षेत्रीय केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. कृष्णा चाउलू को प्रतिष्ठित **"लेंड ऑफ़ राइज़िंग सन"** पट्टिका भेंट की। राज्य की अनूठी आर्किड प्रजातियों की खोज और उनका दस्तावेजीकरण करने के लिए डॉ. चाउलू के अटूट समर्पण को मान्यता देते हुए यह पट्टिका भेंट की गई। राज्यपाल ने राज्य की दुर्लभ और विशिष्ट आर्किड प्रजातियों की पहचान करने में डॉ. चाउलू के उल्लेखनीय प्रयासों और वैज्ञानिक भावना की सराहना की।

0000000000000000000

16 से 19 मई तक आयोजित भाजपा विधायकों के लिए ओरियंटेशन एण्ड ट्रैनिंग प्रोग्राम आज गुवाहाटी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा, लोक प्रशासन, विकास योजना, पार्टी अनुशासन, कल्याणकारी पहल और व्यक्तिगत कल्याण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर गहन सत्र शामिल थे। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा, संगठन और सुशासन के आधारभूत स्तंभों को मजबूत करना, वैचारिक स्पष्टता को गहरा करना और अंत्योदय, राष्ट्र प्रथम और सुशासन के सिद्धांतों पर आधारित नेतृत्व को बढ़ावा देना था।

0000000000000000000

राष्ट्रीय कैडेट कोर की सेकंड अरुणाचल प्रदेश बटालियन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कल जवाहर नवोदय विद्यालय, तवांग में संपन्न हुआ। जिसमें ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग और तवांग जिलों के कुल 340 कैडेट्स ने भाग लिया। युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सौहार्द को बढ़ावा देना के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तवांग ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर भूपाल सिंह एवं उपायुक्त कांगकी दारांग भी मौजूद थे।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार देश और विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 122वां एपिसोड होगा। लोग अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या MyGov ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, लेपा रादा, सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज से बहुत तेज बारीश होने की संभवना है।

0000000000000000000

भारत ने कल शाम राज्य के युपिया में स्थित आउटडोर स्टेडियम में खेले गए फाइनल में बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन (SAFF) अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीत लिया। भारतीय टीम ने 1-1 की बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में शमी सिंगामायुम द्वारा दागी गई गोल के बाद मौजूदा चैंपियन को हराया। भारत सेमीफाइनल में श्रीलंका, नेपाल और मॉलदीव पर शानदार जीत के बाद फाइनल में पहुंचा।

0000000000000000000